Seat No. : _______________

NP-114

December-2015

B.A., Sem.-I

CC-101 : Hindi

(Samkalin Hindi Kavita)

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

1. 'बसुला हमें दे दो' कविता का भावार्थ लिखते हुए उसका उद्देश्य स्पष्ट कीजिए । **14**

अथवा

संक्षेप में लिखिए :

(अ) 'दरख्त बोले खिजा है कबसे' में व्यक्त आम आदमी की पीड़ा

(ब) 'सही सड़क की तलाश में' का उद्देश्य

2. 'नींव की ईंट हो तुम दीदी' कविता का संक्षेप में सार लिखकर उद्देश्य स्पष्ट कीजिए । **14**

अथवा

संक्षेप में लिखिए :

(अ) 'दो हाथियों की लड़ाई' में निरूपित प्रतीकात्मकता ।

(ब) 'मालिक आप नाहक नाराज हैं' कविता का भावार्थ ।

3. पठित गजलों के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि दुष्यन्त कुमार की गजलों में आम जनता की पीड़ा को व्यक्त किया गया है । **14**

अथवा

'हो गई है पीर पर्वत सी' गजल में क्रांति की भावना व्यक्त हुई है – समझाइये ।

4. 'मोचीराम' कविता का भावार्थ लिखते हुए उसमें निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए । **14**

अथवा

ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए :

(अ) एक आदमी
रोटी बेलता है
एक आदमी रोटी खाता है
एक तीसरा आदमी भी है
जो न रोटी बेलता है, न रोटी खाता है
वह सिर्फ रोटी से खेलता है ।

(ब) मगर यह वक्त घबराये हुए लोगों की शर्म
आँकने का नहीं
और न यह पूछने का कि सन्त और सिपाही में
देश का सबसे बड़ा दुर्भाग्य कौन है ।

5. सूचनानुसार कीजिए : **14**

(अ) सही-गलत बताइए ।

(1) 'डर लगता है' सुल्तान अहमद का काव्य नाटक है ।

(2) 'मेरे घर में पाँच जोड़ी आँखें हैं' काव्य पंक्ति मोचीराम कविता की है ।

(3) दुष्यन्त कुमार के गजल संग्रह का नाम 'सूर्य का स्वागत' है ।

(4) उदय प्रकाश 'मोहनदास' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित हैं ।

(5) 'लोहे का स्वाद' के रचनाकार सुदामा पांडेय है ।

(ब) सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

(1) ________ सुल्तान अहमद की पहली आलोचना पुस्तक है ।

(कहानीकार प्रेमचंद, कहानीकार निर्मल वर्मा, कहानीकार प्रसाद)

(2) उदय प्रकाश की ________ कविता भारतभूषण अग्रवाल पुरस्कार से सम्मानित हैं ।

(तानाशाह की खोज, तिब्बत, मरना)

(3) धूमिल के _______ काव्य संग्रह को अकादमी पुरस्कार मिला ।

(कल सुनना मुझे, संसद से सड़क तक, आज सुनना मुझे)

(4) दुष्यन्त कुमार का मूल नाम ________ था ।

(रवीन्द्र कुमार त्यागी, अजित कुमार त्यागी, दुष्यन्त नारायण सिंह त्यागी)

(5) कवि सुल्तान अहमद ________ विचारों के कवि हैं ।

(छायावादी, प्रगतिवादी, प्रयोगवादी)

(क) सही जोड़े मिलाइए :

अ	**ब**
(1) वो आग फेंक गये	(1) दुष्यन्त कुमार
(2) सुनो कारीगर	(2) सुल्तान अहमद
(3) घर में वापसी	(3) उदय प्रकाश
(4) ये रोशनी है हकीकत	(4) धूमिल